**कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश**
**(स्थापना राजपत्रित अनुभाग)**
**प0स0–स्था–1–विभागीय व्यवसायिक प्रशिक्षण/2019–20/757/वाणिज्य कर,**
**लखनऊ:: दिनांक::24 मई, 2019**

**–::आदेश::–**

वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान–4, विभूति खण्ड, गोमतीनगर लखनऊ में दिनांक–03.06.2019 से दिनांक 30.08.2019 तक नव नियुक्त असिस्टेन्ट कमिश्नर एवं वाणिज्यकर अधिकारियो को आधारभूत/व्यवसायिक प्रशिक्षण में प्रतिभाग लेने हेतु संलग्न सूची के अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु नामित किया जाता है।

प्रशिक्षण में अधिकारी की उपस्थिति प्रशिक्षण संस्थान में आने के उपरान्त ही मान्य होगी। उक्त नामित अधिकारी अनिवार्य रूप से अपर निदेशक (प्रशिक्षण) वाणिज्य कर, विभूति खण्ड प्रशिक्षण संस्थान, गोमतीनगर, लखनऊ, के कार्यालय में दिनांक–03.06.2019 की प्रात 9.00 बजे प्रत्येक दशा में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में नामित अधिकारियों को किसी भी प्रकार की शिथिलता अनुमन्य नहीं होगी। नामित अधिकारियों की अनुपस्थिति की दशा में कमिश्नर महोदया को अवगत कराया जायेगा।

समस्त नामित अधिकारी प्रशिक्षणोपरान्त अपने वर्तमान तैनाती/सम्बद्धता के स्थान पर अपने नियन्त्रक अधिकारी को रिपोर्ट करेंगें।

उक्त आदेश कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश के अनुमोदनोपरान्त जारी किया जा रहा है।

**संलग्नक–उपरोक्तानुसार।**

**(अंजनी कुमार अग्रवाल)**
ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्थापना) वाणिज्य कर,
मुख्यालय लखनऊ।

**प्रशिक्षु अधिकारी से अपेक्षित कार्यवाही से सम्बन्धित कुछ दिशा निर्देश जारी किये गये हैं जो निम्नानुसार है :-**

- कार्यभार ग्रहण करने की औपचारिकताएं (मेस का दिनांक–03.06.2019 से दिनांक 30.08.2019 तक का व्यय जमा करने सहित) प्रातः 9 बजे से अपरान्ह 12 बजे तक पूर्ण कर लेनी होगी। इसके उपरांत किसी भी अधिकारी को प्रशिक्षण कार्यक्रम में योगदान देने की अनुमति नहीं दी जायेगी ।
- प्रशिक्षण अवधि में हॉस्टल में आवंटित कक्ष को अपनी इच्छा से बदलने की किसी प्रशिक्षु अधिकारियों को अनुमति नहीं होगी ।
- प्रशिक्षु अधिकारियों को अपने कमरे में अतिथियों (परिवार के सदस्यों, मित्रों, पति/पत्नी या कोई अन्य) को बुलाने एवं ठहराने की अनुमति नहीं है। अतः प्रशिक्षण संस्थान में योगदान देने के समय कृपया अपने साथ अन्य किसी व्यक्ति को न लायें ।
- संस्थान में प्रशिक्षु अधिकारियों को अपने पहनावे पर विशेष ध्यान देना होगा । प्रशिक्षण सत्र के दौरान उन्हें हमेशा औपचारिक /शालीन पहनावे में रहना होगा ।
- प्रशिक्षु अधिकारियों के खान- पान की व्यवस्था संस्थान की मेस में रहेगी । मेस में भोजन का व्यय प्रशिक्षु अधिकारियों को वहन करना होगा । हास्टल के कक्षों में खाना बनाना/मंगाना निषिद्ध है । मेस में अतिथियों को भोजन हेतु लाना वर्जित होगा ।
- प्रशिक्षण कक्षाओं के दौरान मोबाइल फोन का प्रयोग निषिद्ध है। प्रशिक्षण कक्षाओं के दौरान जिन प्रशिक्षुओं के पास मोबाईल फोन पाया जायेगा उसे जब्त कर लिया जायेगा तथा ऐसे प्रशिक्षु अधिकारियों पर संस्थान द्वारा उचित जुर्माना भी आरोपित किया जायेगा।
- प्रशिक्षण संस्थान में जिन प्रशिक्षु अधिकारियों को मद्यपान, सिगरेट या तम्बाकू आदि का सेवन करते हुए पाया जायेगा या जिनके पास ऐसी निषिद्ध साम्रग्री पायी जायगी उन्हें प्रशिक्षण कार्यक्रम से

निष्कासित कर दिया जायेगा । इसके साथ ही सम्बन्धित नियम के तहत प्रशिक्षु अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही भी की जायेगी ।

- आधारभूत / व्यावसायिक प्रशिक्षण के दौरान किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जायेगा ।
- प्रशिक्षु अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि कृपया अपने साथ प्रशिक्षण व्यय हेतु पर्याप्त धनराशि लेकर आयें तथा शेष अवधि हेतु भी अपने खर्चे हेतु पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था रखें ।
- प्रशिक्षण कार्यक्रम की अवधि में अपर निदेशक (प्रशिक्षण) एवं अन्य संकाय अधिकारियों द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशों का शत. प्रतिशत अनुपालन करना होगा। विपरीत दशा में दोषी अधिकारी को प्रशिक्षण कार्यक्रम से निष्कासित करने पर विचार किया जायेगा ।
- प्रशिक्षण में प्रतिभाग न करने वाले अधिकारियों के सम्बनध में मुख्यालय के आदेश सं0 4905 दि0 15.03.2018 के प्रस्तर ग के अनुसार कार्यवाही की जायेगी ।

**पृष्ठॉकन पत्र संख्या व दिनॉक-उक्त**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. विशेष सचिव, कर एवं निबंधन अनुभाग-3, उ0प्र0शासन, लखनऊ।
2. अपर निदेशक ( प्रशिक्षण) ,वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान गोमतीनगर लखनऊ को उनके पत्र संख्या.231 दिनांक 17 मई 2019 के क्रम में प्रशिक्षण हेतु नामित अधिकारियो की सूची ।
3. सम्बन्धित मुख्य कोषाधिकारी / जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4. सम्बन्धित एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1 / ग्रेड-2 / ज्वाइन्ट कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश / अनुभाग अधिकारी (प्रभारी) वाणिज्य कर मुख्यालय को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि अपने कार्यालय में तैनात उक्त सूची में अंकित अधिकारियों को दि0 03-06-2019 से प्रारंम्भ हो रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में योगदान आख्या प्रस्तुत करने हेतु अपने स्तर से निर्देश जारी करने तथा **उपरोक्त सूची के अतिरिक्त अभी तक जिन अधिकारियो द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त नही किया गया है उन्हें भी प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने हेतु अपने स्तर से नामित करने / जिनके द्वारा पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है उनसे साक्ष्य प्राप्त कर इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।**
5. ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0 ) वाणिज्य कर मुख्यालय को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त आदेश को विभागीय बेबसाईट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
6. संयुक्त निदेशक, वाणिज्य कर, वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान गोमतीनगर लखनऊ।
7. कम्प्यूटर आपरेटर, (स्थापना राजपत्रित अनुभाग) वाणिज्य कर मुख्यालय को इस निर्देश के साथ कि विभागीय वेबसाईट/ EIS SYSTEM पर उक्त आदेश प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्थापना) वाणिज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।

## Assisstant Commissioner, Commercial Tax U.P.

| | Empid | Name | Date Of Birth<br>Home Dist | Date Of Trf. | Present Office |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **126186** | Abhishek Kumar Seth | 20/07/1991<br>Hardoi | 20/10/2016 | Addl. Commissioner Gr-1, Ghaziabad -I |
| 2 | **125922** | Anil Kumar Dinkar | 01/07/1988<br>Jhansi | 22/08/2016 | Addl. Commissioner Gr-1, Ghaziabad -I |
| 3 | **125460** | Aniruddh Kumar | 05/10/1989<br>Kanpur | 21/12/2016 | Addl. Commissioner Gr-1, Ghaziabad -I |
| 4 | **124707** | Anju Rawat Ms. | 01/10/1984<br>Lucknow | 28/09/2018 | AC Tax / Audit, Ghazibad -II |
| 5 | **125894** | Apoorva Patel Ms. | 21/08/1990<br>Hardoi | 09/08/2016 | Addl. Commissioner Gr-1, Ghaziabad -I |
| 6 | **125102** | Deepti Agarwal | 15/08/1977<br>Shahjahanpur | 01/09/2015 | C T T Uttar Pradesh,Lucknow |
| 7 | **125482** | Jitendra Kumar-VI | 10/10/1985<br>Ambedkar Nagar | 26/10/2018 | C T T Uttar Pradesh,Lucknow |
| 8 | **126037** | Nivedita Singh Ms. | 28/08/1990<br>Fatehpur | 05/09/2016 | Addl. Commissioner, Noida |
| 9 | **125709** | Priyanka Singh Ms. | 07/10/1989<br>Firozabad | 11/01/2016 | Addl. Commissioner Gr-1, Agra |
| 10 | **125902** | Ridhima Seth Ms. | 21/08/1985<br>Raibareli | 10/08/2016 | Addl. Commissioner Gr-1, Ghaziabad -I |
| 11 | **126219** | Vijay Singh | 25/04/1983<br>Fatehpur | 17/03/2017 | Addl. Commissioner Gr-1, Kanpur -I |
| 12 | **126733** | Virendra Pal Singh | 10/07/1979<br>Bareilly | 05/03/2018 | Addl. Commissioner Gr-1, Moradabad |

## Commercial Tax Officers , Commercial Tax U.P

| SNo. | Empid | Name | Date Of Birth<br>Home Dist | Date Of Posting | | Present Office |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **125764** | Bhawna Chandra Ms. | 25/06/1980<br>Lucknow | 18/12/2015 | CTO Traini | Jt. Comm.(E),Kanpur (A) |
| 2 | **126797** | Mahipal Singh | 14/07/1985<br>Kushinagar | 20/11/2018 | CTO Traini | C T T Uttar Pradesh,Lucknow |
| 3 | **125780** | Maun Prakash | 13/07/1987<br>Mahamaya Nagar | 25/01/2016 | CTO Traini | Addl. Commissioner Gr-1, Agra |
| 4 | **126202** | Prakash Chandra Agarwal | 17/09/1986<br>Chitrakoot | 18/07/2016 | CTO Traini | Addl. Commissioner Gr-1, Ghaziabad -I |
| 5 | **126208** | Shikha Gupta-II Ms. | 01/02/1990<br>Agra | 22/09/2016 | CTO Traini | Addl. Commissioner, Noida |
| 6 | **125835** | Shikha Singh Smt. | 22/02/1983<br>Ambedkar Nagar | 13/04/2016 | CTO Traini | Addl. Commissioner Gr-1, Prayagraj |